Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7580	23.07.2023	25.07.2023	Solan Himachal Pradesh	www.divyahimachal.com/Hindi https://www.divyahimachal.com/2023/07/cases-of-scrub-typhus-patients-started-increasing-in-hospitals/
Title:	**Cases of scrub typhus patients started increasing in Solan hospitals, Himachal Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Solan, SSU- Himachal Pradesh			

जिला में स्क्रब टायफस के मामले बढने लगे हैं। रोजाना 10 से 15 मामले स्क्रब टायफस के सामने आ रहे हैं। सोलन क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों की मानें तो स्क्रब टायफस के अधिक मामले ग्रामीण क्षेत्र से सामने आ रहे हैं। हर बार मानसून के बीच इस बीमारी से मरीजों की संख्या बढ़ती है। ठीक इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। हालांकि सोलन अस्पताल में इस बीमारी के अधिक मामले आने की वजह यहां पर उपचार करवाने आने वाले मरीजों की बड़ी तादाद भी है। हास्पिटल में जिला सोलन के अलावा सिरमौर और शिमला के मरीज भी बड़ी संख्या में उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में यहां पर स्क्रब टायफस के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। कीट के काटने से शरीर पर फफोलेनुमा काली पपड़ी का निशान पड़ जाता है और कुछ ही समय में घाव बन जाता है। इसे स्क्रब टायफस कहते हैं। इसे बुश टायफस भी कहा जाता है। यह एक बीमारी है जो ओरिएंटिया त्सुत्सुगामुशी नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। (एचडीएम)

अभी और बढ़ सकती है मुश्किलें

अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों की माने तो बरसात के दिनों में स्क्रब टायफस के मामले बढ़ते हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में अभी और मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इसकी वजह यह है कि इन दिनों प्रदेश में मानसून सक्रिय है। ऐसे में मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है। डॉक्टर्स की मानें तो यह बीमारी फैलाने वाला कीट घर से लोगों को काट रहा है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC

चिकित्सा अधीक्षक डा. एसएल वर्मा के बोल

डा. एसएल वर्मा चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पातल सोलन ने बताया कि बरसात के मौसम में हर बार स्क्रब टायफस के मामले बढ़ते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ है। इन दिनों सोलन अस्पताल में रोजाना 8 से 10 मरीज स्क्रब टायफस से ग्रस्त पहुंच गए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC